कोलकाता, सोमवार
13.05.2019
पृष्ठ 12, मूल्य : ₹ 5

# प्रभात खबर
अखबार नहीं आंदोलन

prabhatkhabar.com
कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । सिलीगुड़ी । मुजफ्फरपुर । भागलपुर । गया से प्रकाशित






# दिल्ली पब्लिक स्कूल में लगा 'समर कैंप'

- प्री, नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के छात्र किये गये इसमें शामिल
- तैराकी, नृत्य, गायन, संगीत तथा थिएटर गतिविधियों का संचालन



**आसनसोल.** दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) में रविवार को कक्षा प्री. नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के छात्रों के लिए समर कैंप का आयोजन किया गया. इस दौरान बच्चों के लिए अनेक गतिविधियों का संचालन किया गया. छात्रों की रूचि, मनोरंजन, स्वास्थ्य और बौद्धिक स्तर में वृद्धि के उद्देश्य को ध्यान में रखकर तैराकी, नृत्य, गायन, संगीत तथा थिएटर जैसी गतिविधियों को शामिल किया गया. समय – समय पर इस प्रकार की गतिविधियों का आयोजन कर प्रतिदिन के क्रिया – कलापों से कुछ दूर होकर एक बार फिर स्वयं को नये जोश के साथ नये कार्य करने के लिए तैयारी करने में मदद मिलती है. झुलसती हुई धूप में गर्मी से बेहाल बच्चों ने तरणताल में मद्धम- मद्धम संगीत की धुनों के बीच जल क्रीड़ा का भरपूर आनन्द लिया. गर्मी से राहत के लिए पानी में डुबकियां लगाने के साथ– साथ बच्चों ने संगीत लहरी पर नृत्य भी किया. एक दूसरे पर पानी की बौछार कर छात्रों ने अपनी ख़ुशी का प्रदर्शन किया. पानी की उठती- गिरती तरंगों के साथ छेड़-छाड़ करते हुए नन्हे – मुन्नों की ख़ुशी का माहौल देखते ही बन रहा था. जल में खेलते हुए बच्चे ऐसे लग रहे थे मानों अपनी आने वाली छुट्टियों का स्वागत कर रहे हों. तैराकी के साथ – साथ छात्रों ने शास्त्रीय एवं पाश्चात्य नृत्य व गायन के गुर भी सीखे. 'काला चश्मा..' , 'टुकुर –टुकुर' और 'टाय - टायफिस......' गीतों पर जमकर नृत्य किया. सिंगिंग आई. टी. युप्पी-युप्पी, गोड्स लव, ओह ! बी. केयरफुल लिटिल हैंड्स , फाइव लिटिल मंकीज़ जम्पिंग ओन द बैड जैसे गीतों का गायन सीखा और झूम- झूम कर गाते हुए इनका आनंद भी उठाया , जिसने बच्चों की ख़ुशी में चार चांद लगा दिये. बच्चों को 'हाउ टू ट्रेन योर ड्रैगन' फिल्म भी दिखाई गई. आमोद – प्रमोद के खुशनुमा माहौल में समर कैम्प के प्रथम दिवस का समापन हुआ.